गृह मंत्रालय

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने स्मार्ट सिटी मिशन के तहत आज चंडीगढ़ के मनीमाजरा में 24×7 जल आपूर्ति परियोजना का लोकार्पण किया

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्मार्ट सिटी योजना को लागू कर शहरों में जीवन स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास किया है

## मोदी जी का तीसरा कार्यकाल समाप्त होने से पहले देश के हर घर में शुद्ध पीने का पानी उपलब्ध होगा

## आज से मनीमाजरा (चंडीगढ़) के एक लाख से ज़्यादा लोगों को 24x7 शुद्ध पीने का पानी उपलब्ध होगा

## ‘जल जीवन मिशन’ के तहत देश के 74% घरों में पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध हुआ

## ‘जल जीवन मिशन’ के कारण देश में डायरिया से संबंधित मृत्यु में 3 लाख की कमी आई

## अब मनीमाजरा में रहने वाली बहनों को पानी के लिए मोबाइल में अलार्म लगाने की आवश्यकता नहीं, जब भी पानी की ज़रुरत होगी, नल से जल उपलब्ध होगा

## केंद्र सरकार ने पिछले 10 साल में चंडीगढ़ के विकास में 30,000 करोड़ खर्च किए हैं, जिसमें 29,000 करोड़ रुपए इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में खर्च हुए

## अस्थिरता फैलाने वालों को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि यह सरकार 5 वर्ष पूरा करेगी

प्रविष्टि तिथि: 04 AUG 2024 5:43PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज स्मार्ट सिटी मिशन के तहत केन्द्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ के मनीमाजरा में लगभग 75 करोड़ रुपए की लागत से पूरी की गई 24×7 जल आपूर्ति परियोजना का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया, राज्यसभा सांसद श्री सतनाम सिंह संधू, केन्द्रीय गृह सचिव और आसूचना ब्यूरो के निदेशक सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे।




उदघाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि मनीमाजरा की जल आपूर्ति परियोजना से एक लाख से ज्यादा आबादी को फायदा मिलेगा और 855 एकड़ में फैली इस बस्ती को 22 किलोमीटर लंबे नई पाइपलाइन से अब चौबीसों घंटे पानी उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि यहाँ दो विशाल रिजर्वायर बनाकर 24 घंटे पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का प्रबंध किया गया है। श्री शाह ने यह भी कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने से लीकेज का खर्च भी अब उपभोक्ताओं पर नहीं आएगा, घर में लीकेज होने का भी तुरंत पता चल जाएगा। उन्होंने कहा कि पानी का प्रेशर सुनिश्चित करने के लिए VFD पंप भी लगाया गया है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पानी सभी के जीवन के लिए प्राण होता है और पानी के बगैर जीवन असंभव है। उन्होंने कहा कि पानी अगर दूषित हो और ज़रूरी मात्रा में उपलब्ध नहीं हो तो जीवन में अनेक कठिनाइयों और रोगों का सामना करना पड़ता है, इसलिए आज से पूरे क्षेत्र के लोगों को सबसे आधुनिक फ़िल्टर प्लांट से चौबीसों घंटे फ़िल्टर पानी मुहैया कराने की शुरुआत हो रही है।



श्री अमित शाह ने कहा कि चंडीगढ़ में शुरू से ही पानी और सीवर जैसी सुविधाओं की शत प्रतिशत व्यवस्था की गई। लेकिन आबादी बढ़ने, पाइपलाइनें पुरानी होने और पानी की गुणवत्ता पहले की तुलना में कम हो जाने के कारण फिल्ट्रेशन प्लांट को और आधुनिक बनाने के साथ ही नई पाइपलाइनें बनानी और पानी की उपलब्धता बढानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि इन पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आज क्षेत्र के लोगों को चौबीसों घंटे पानी उपलब्ध कराने की योजना का उद्‌घाटन हुआ है। गृह मंत्री ने कहा कि अब क्षेत्र की बहनों को पानी के लिए मोबाइल में अलार्म लगाने की आवश्यकता नहीं है, जब भी पानी की ज़रुरत होगी नल से जल उपलब्ध होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अब किसी टैंकर की ज़रूरत नहीं होगी, पहली मंजिल हो या चौथी, मनीमाजरा के पूरे क्षेत्र में एक लाख लोगों को आज से सुचारू रूप से पानी मिलने की शुरुआत हो गई है।

गृह मंत्री ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही स्मार्ट सिटी योजना को लागू कर शहरों में जीवन स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले स्मार्ट शहरों की जो सूची घोषित की गई, उसमें चंडीगढ़ भी शामिल था। भारत सरकार ने चंडीगढ़ में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च किए हैं।



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने दूसरे कार्यकाल में जल जीवन मिशन के तहत पूरे देश में हर नागरिक को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने और हर घर में नल से जल उपलब्ध कराने की योजना की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि सात साल से कम समय में 15 करोड़ घरों में पानी पहुंचाने का काम हुआ है, जिससे देश के 74% घरों में पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध हो गया है। श्री शाह ने कहा कि 'जल जीवन मिशन' योजना शुरू होने के बाद देश में डायरिया संबंधित मृत्यु में 3 लाख की कमी आई है। उन्होंने कहा कि पहले डायरिया से मरने वाले लोगों की संख्या चार लाख हुआ करती थी। श्री शाह ने कहा कि 'हर घर नल से जल' के लिए 2023 में तीन करोड़ कनेक्शन दिए गए। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री के तौर पर श्री नरेन्द्र मोदी जी का तीसरा कार्यकाल समाप्त होने के पहले देश के हर घर में नल से स्वच्छ जल पहुंचने का प्रबंध कर दिया जाएगा।

श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने स्मार्ट सिटी कॉन्सेप्ट के तहत चंडीगढ़ को संवारने का काम किया है। चंडीगढ़ में पांच सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए गए हैं और 20 एकड़ भूमि में सॉलिड वेस्ट की सफाई के लिए व्यवस्था की गई है। इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित करके ट्रैफिक को नियमित करने का काम हुआ है, जिससे ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के मामले 40% तक कम हुए और घातक सड़क हादसों में 31% तक की कमी आई है। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने चंडीगढ़ के विकास के लिए बीते 10 साल में 30,000 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। उन्होंने कहा कि इनमें 29,000 करोड़ रुपए इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण और 500 करोड़ रुपए रेलवे के विकास के लिए खर्च किए गए हैं।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से 2024 तक का समय हमारे देश के विकास के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाने योग्य है। जीवन का कोई क्षेत्र ऐसा नहीं है जिसमें मोदी जी ने परिवर्तन लाने का प्रयास नहीं किया। इन 10 वर्षों में देश ने अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं। चाँद पर तिरंगा पहुँचाना हो, सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के जरिये दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देना हो। धारा 370 को समाप्त कर कश्मीर को हमेशा के लिए भारत का हिस्सा बनाना हो, राम मंदिर बनाना हो या सड़कों का जाल बुनकर इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करना हो, इस देश की जनता ने हर क्षेत्र में विकास का अनुभव किया है।




श्री अमित शाह ने कहा कि स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी अनेक शुरुआतों ने भारत को आज दुनिया में मैन्यूफैक्चरिंग हब बना दिया है और इसी कारण 60 साल के बाद देश की जनता ने मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का काम किया है और एनडीए की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई है। उन्होंने कहा कि 60 के दशक के बाद पहली बार कोई एक व्यक्ति, एक संगठन और दलों का एक समूह पूर्ण बहुमत के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बना है और यह एक प्रकार से देश की जनता द्वारा मोदी जी के कामों पर मुहर लगाने के समान है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि विपक्ष को जो करना है करने दीजिए, लेकिन वर्ष 2029 में भी एनडीए और श्री नरेन्द्र मोदी जी ही सत्ता में आएंगे। श्री शाह ने कहा कि अस्थिरता फैलाने वाले लोग बार-बार कहते हैं कि यह सरकार नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष के मित्रों को वह विश्वास दिलाना चाहते हैं कि यह सरकार पांच साल पूरा करेगी।

श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हर क्षेत्र में बड़े विजन के साथ काम किया है। जब आजादी के 25 और 50 साल पूरे हुए तो उस समय हुए कार्यक्रम सरकारी कार्यक्रम बनकर रह गए, लेकिन आज़ादी के 75 साल पूरे होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया। मोदी जी ने अमृत महोत्सव के जरिये न सिर्फ घर-घर में देशभक्ति जगाने का काम किया गया, बल्कि 130 करोड़ लोगों को सकारात्मक उर्जा से जोड़ने का काम भी किया। आज पूरा देश और देश के 130 करोड़ लोग मोदी जी के नेतृत्व में भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने और देश को हर क्षेत्र में विश्व में नंबर एक बनाने के लिए सहयोग कर रहे हैं।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि देश के नागरिकों का यह संकल्प देश को विकसित राष्ट्र बनाने के रास्ते पर आगे ले जाएगा। उन्होंने कहा कि एक बच्चे द्वारा लिया गया अन्न का अपमान न करने का संकल्प या रोज माता-पिता के चरण स्पर्श करने का संकल्प, एक व्यापारी का टैक्स चोरी न करने का संकल्प या लोगों का ट्रैफिक नियमों का पालन करने का संकल्प देश को मजबूत करता है, उसे आगे बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि 130 करोड़ लोगों द्वारा लिया गया एक कदम देश को 130 करोड़ कदम आगे ले जाने के समान है और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने ये ही चमत्कार करके दिखाया है। श्री अमित शाह ने कहा कि 130 करोड़ संकल्पवान लोग भारत को विकसित भारत बनाने के लिए कटिबद्ध है और आज चंडीगढ़ में हमने इसी दिशा में एक और कदम बढ़ाया है।

*****

**RK/VV/RR/PR**

(रिलीज़ आईडी: 2041299) आगंतुक पटल : 147